तापमान
अधिकतम 36 .6 डिग्री
न्यूनतम 12 .8 डिग्री

हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, सोमवार 9 मार्च 2026

12 महिला दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन जागरूक उपभोक्ता बनने का आह्वान



12 समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महिलाओं की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण



## खबर संक्षेप

### प्रोडक्शन वारंट पर आर्म्स एक्ट के आरोपी

**कुंड।** थाना खोल पुलिस ने हथियार के बल पर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के दो आरोपियों को कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर गत 20 जनवरी को आर्म्स एक्ट सहित विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने राजस्थान के परतापुर निवासी सोनू और नांगल जमालपुर निवासी कमल को अदालत से प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। दोनों आरोपी अन्य मामले में जेल में बंद चले आ रहे हैं। उन्हें जांच में शामिल करने के बाद कोर्ट में पेश कर दिया गया।

### दहेज उत्पीड़न के आरोप में एक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने दहेज उत्पीड़न व जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। कसोला पुलिस ने एक गांव निवासी विवाहिता की शिकायत के आधार पर दोनों पक्षों के बीच काउंसलिंग के जरिए समझौता कराने के प्रयास किए थे। कई बार पुलिस थाने में दोनों पक्षों के बीच बातचीत हुई, लेकिन उनमें सुलहनामा नहीं हुआ। पुलिस ने गत 23 फरवरी को ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने झज्जर के कलावल निवासी रामरतन को गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### हादसे के बाद फरार दो आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने सड़क हादसों के बाद फरार हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। धारूहेड़ा थाना पुलिस ने गत 22 फरवरी को हुए हादसे के बाद वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज किया था। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद पुलिस ने आरोपी का पता लगाने के प्रयास शुरू किए थे। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने खलियावास निवासी विजय को गिरफ्तार कर लिया। रामपुरा पुलिस ने 2 मार्च को हुए हादसे में आरोपी भठेड़ा निवासी राजेश को गिरफ्तार किया है। बाद में दोनों आरोपियों को पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

### एनडीपीएस एक्ट का आरोपी चढ़ा हत्थे

**बावल।** कसोला थाना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 7 मार्च को नशीला पदार्थ बेचने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया था। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था। पूछताछ के दौरान उसने बताया था कि उसे नशीला पदार्थ इब्राहिमपुर निवासी कर्मबीर ने मुहैया कराया था। पुलिस ने इसके बाद कर्मबीर को भी गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

### आर्म्स एक्ट की आरोपी तफ्तीश में शामिल

**रेवाड़ी।** हथियार रखने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में रामपुरा थाना पुलिस ने एक युवती को तफ्तीश में शामिल किया है। पुलिस ने गुलाबी बाग निवासी एक व्यक्ति की शिकायत पर गत वर्ष 12 नवंबर को एक युवती के खिलाफ केस दर्ज किया था। शिकायत में हथियार रखने और धमकी देने के आरोप लगाए गए थे। बाद में युवती ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी, जिसके आधार पर उसे अग्रिम जमानत मिल गई थी। अब पुलिस ने उसे मामले की तफ्तीश में शामिल किया है।

### बांग्लादेशियों की पहचान के लिए चलाया अभियान

**रेवाड़ी।** पुलिस की ओर से स्वैत टीम के साथ थाना धारूहेड़ा व सेक्टर-6 धारूहेड़ा क्षेत्र में अनाधिकृत रूप से रहने वाले रोहिंग्या व बांग्लादेशी नागरिकों का पता लगाने के लिए सर्च अभियान चलाया गया।

*अस्पताल के नेत्र विभाग में रोजाना 250 मरीजों की ली जा रही ओपीडी*

# बदलते मौसम से बढ़े आंखों के मरीज प्रदूषण का असर, एलर्जी से भी लोग परेशान

ओपीडी में आंखों में रगड़, पानी आना, खुजली व एलर्जी की समस्याएं देखी जा रही है। चिकित्सकों के अनुसार प्रदूषण, धूल मिट्टी व धूप में तेजी के कारण आंखों में समस्याएं आ रही है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

होली के पर्व के बाद बदलते मौसम के साथ नागरिक अस्पताल में भी ओपीडी में इजाफा हो गया है। नागरिक अस्पताल में सबसे ज्यादा नेत्र विभाग की ओपीडी के बाहर ज्यादा भीड़ लग रही है। ओपीडी में आंखों में रगड़, पानी आना, खुजली व एलर्जी की समस्या देखी जा रही है। चिकित्सकों के अनुसार पॉल्यूशन, धूल-मिट्टी व धूप में तेजी के कारण आंखों में समस्याएं हो रही है। खेतों में चलती सरसों व गेहूं की लावणी का भी आंखों पर असर पड़ रहा है। लावणी के समय फसल से निकलते मच्छर भी आंखों को नुकसान पहुंचा रहे है। वहीं होली पर केमिकल युक्त रंगों से आंखों में एलर्जी की समस्या हुई है। नागरिक अस्पताल में प्रतिदिन 250 के करीब आंखों की ओपीडी ली जा रही है, जिसमें मोतियाबिंद के ऑपरेशन करवाने के लिए भी मरीज पहुंच रहे है।

### महीने में 200 से ज्यादा किए जा रहे ऑपरेशन

*अस्पताल में रोजाना सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक ज्यादा भीड़ लग रही है। मोतियाबिंद का ऑपरेशन करवाने के लिए ज्यादा मरीज पहुंच रहे हैं। मरीजों को चिकित्सकों की ओर से अप्रैल माह तक समय दिया जा रहा है। वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. कंचन यादव ने बताया कि मोतियाबिंद के ऑपरेशन अस्पताल में किए जा रहे हैं। गत जनवरी माह में 256 तथा फरवरी माह में 255 लोगों के आंखों के ऑपरेशन किए गए। अभी लावणी के समय ऑपरेशन की संख्या घट जाती है और ओपीडी बढ़ जाती है। हांलाकि बोर्ड एग्जाम के कारण ओपीडी में छात्रों की संख्या अभी कम है। डा. कंचन ने बताया कि लोगों को ऑपरेशन के लिए अप्रैल माह तक की एडवांस डेट भी दी हुई है। मार्च माह में संडे व सरकारी अवकाश हटाकर 20 दिन के वर्किंग-डे 250 के करीब ऑपरेशन किए जाने है।*

### लावणी के चलते अभी और बढ़ेगी मरीजों की संख्या



नागरिक अस्पताल में बुजुर्ग की आंखों की जांच करती डा. कंचन यादव।

### खांसी-जुकाम के भी मरीज भी बढ़े

*होली के बाद से मौसम ने करवट ली है। दिन के बढ़ते तापमान के कारण फरवरी माह के अंत से ही पंखे व एसी चलने लगे है, जिसका असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। कभी मौसम ठंडा व कभी गर्म होने से अस्पताल में खासी-जुकाम, वायरल के मरीज भी आ रहे है। अस्पताल में बच्चों और बड़ों की ओपीडी में भी मरीज पहुंच रहे हैं। मेडिसिन ओपीडी रोजाना 200 तक पहुंच रही हैं। फिजिशियन डा. गौरव ने बताया कि बदलते मौसम में स्वास्थ्य का खास ख्याल रखने की जरूरत होती है। गर्मी जल्दी आने से समस्या पैदा हो रही है।*



रेवाड़ी। नागरिक अस्पताल में ओपीडी के बाहर लगी मरीजों की भीड़। फोटो : हरिभूमि

### आंखों के इंफेक्शन से बचाव के उपाय

आंखों को रगड़ने से बचना चाहिए। आंखों को बार-बार पानी से धोते रहे। धूप में काला चश्मा लगाकर ही बाहर निकलना चाहिए, इससे संक्रमण तेजी से नहीं बढ़ेगा। अगर सावधानी नहीं बरती गई तो आगे चलकर समस्या बढ़ सकती है। आंखों में संक्रमण से प्रभावित लोगों को भीड़भाड़ वाली जगहों पर जाने से बचना चाहिए। अधिक दर्द व पानी आ रहा है तो डॉक्टर को दिखाए, बिना सलाह के आंखों में कोई दवा न डाले, ज्यादा देर मोबाइल और टीवी न देखे, दूसरों के रूमाल व चश्में का प्रयोग न करें।

# शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर ठगी के दो आरोपी गिरफ्तार

- एक आरोपी को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

साइबर थाना पुलिस ने शेयर मार्केट में मोटे मुनाफे का लालच देकर 3.66 लाख रुपये की ठगी करने के मामले दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एक आरोपी को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर लिया। 28 नवम्बर 2024 को न्यू हाउसिंग बोर्ड सेक्टर-3 निवासी शिवेंद्र सिंह ने अपनी शिकायत में बताया था कि वह ऑनलाइन शेयरों का व्यापार करता है। उसके दोस्त ने उसे बताया था कि उसने शेयरों में व्यापार करने के लिए एक ग्रुप देखा है। ग्रुप के जरिए शेयरों की खरीद व बिक्री के लिए अच्छा लाभ व मार्गदर्शन दिया जाता है। उसके दोस्त ने उसे ग्रुप में शामिल करा दिया। व्हाट्स एप पर उसे श्रुति अग्रवाल नाम बताने वाली महिला ने उसे एक लिंक भेजकर एप डाउनलोड करा दिया। उसने एप के जरिए शेयर ट्रेडिंग करना शुरू कर दिया। उसने आईपीओ के लिए पांच बार आवेदन किया। उसे बताया गया कि आईपीओ में उसे 15 हजार शेयर मिले हैं। उसकी ओर से बताई गई आईपीओ की रकम उसने जमा करा दी।

### खाते में दिखाया 280 प्रतिशत मुनाफा

साइबर ठगों ने शिवेंद्र के खाते में 280 प्रतिशत मुनाफा दिखाया गया। अगले दिन उसे शेयर बेचने के लिए कहा गया। उसने एप के जरिए शेयर बेच दिए, लेकिन पैसा निकालने पर उसे कमीशन जमा कराने को कहा गया। इसके बाद उसे ठगी का अहसास हुआ। साइबर ठगों ने उसे 3 लाख 66 हजार 400/- रुपये की चपत लगा दी। जिस पर पुलिस ने साइबर थाना रेवाड़ी में ठगी का मामला दर्ज करके मामले में संलिप्त एक आरोपी जिला हिसार के गांव बूढ़ा खेड़ा गांव निवासी रविशंकर को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। आरोपी रविशंकर के बैंक खाते में ठगी की रकम में से 1.70 लाख रुपये ट्रांसफर हुए थे।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### इन आरोपियों को किया गिरफ्तार

*इस मामले में पुलिस ने दो और आरोपी जिला हिसार के गांव बूढ़ा खेड़ा गांव निवासी विष्णु व अर्जुन सिंह को भी गिरफ्तार कर लिया है। दोनों आरोपियों ने रविशंकर का बैंक खाता साइबर ठगों को उपलब्ध कराने के लिए मध्यस्थ की भूमिका अदा की थी। थी। पुलिस ने दोनों आरोपियों को पेश अदालत करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया। मामले के अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।*

# धूमधाम से घोड़ी पर बैठाकर निकाला बेटी का बनवारा



रेवाड़ी। बुड़ौली में घोड़ी पर बनवारा निकालते हुए। फोटो :हरिभूमि

- बुड़ौली निवासी दिलपत सैन की पौत्री अंजलि सैन की शादी 11 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

क्षेत्र के गांव बुडौली में परिवार ने शादी से पूर्व बेटी का घोड़ी पर बैठाकर बनवारा निकाल कर समाज को एक सार्थक संदेश दिया। बुड़ौली निवासी दिलपत सैन की पौत्री अंजलि सैन की शादी 11 मार्च को है। अंजलि के पिता रविंद्र सिंह सेना में हवलदार के पद से सेवानिवृत्त है, जबकि माता पूनम ग्रहणी है। अंजलि शहीद अमरजीत सैन की भांजी है। अंजलि के परिवार में सभी शिक्षित सदस्य है तथा सभी की सोच है कि लड़कियों को बोझ न समझ कर लड़कों की तरह पूरा हक दिया जाए। अंजलि वर्तमान में शहर के राजकीय कॉलेज से मेडिकल स्नातक की पढ़ाई कर रही है। अंजलि की शादी क्षेत्र के गांव कमालपुर बिठवाना निवासी दीपक के साथ 11 मार्च को होगी। दीपक के पिता भी शिक्षक के पद से सेवानिवृत्त है। इस मौके पर मास्टर सुनील,डीपीई अनिल, सूबेदार सुरेंद्र सिंह, डीपीई राजकुमार, लेक्चरर जितेंद्र, हवलदार बिजेंद्र, नरेंद्र, सतपाल, राजपाल, नवीन, सतेंद्र, अंकित, संजीव, रचित, शुभम, विनीत, हितेश, दक्ष, शिलांश व अंशु सहित अनेक लोग मौजूद थे।

### कंपनी कर्मचारी ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दी

**रेवाड़ी।** कस्बा बावल में शनिवार की रात एक कंपनी कर्मचारी ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी। सूचना मिलने के बाद बावल थाना पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा दिया। पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है।

मूल रूप से बिहार का रहने वाला लगभग 40 वर्षीय सुनील कुमार आईएमटी की एक कंपनी में नौकरी करता था। लगभग चार साल पहले उसने कस्बे में अपना खुद का मकान बना लिया था। इसके बाद वह परिवार सहित बावल में ही रह रह था। रात को उसने संदिग्ध हालत में जहरीला पदार्थ खा लिया। पता चलने के बाद परिजनों ने उसे बावल के एक अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने अस्पताल जाकर शव कब्जे में ले लिया। पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका था।

**हमें पुलिस नहीं एंबुलेंस चाहिए**

शनिवार की रात रोबिन नाम के युवक ने डायल-112 पर कॉल करके सुनील के जहर खाने की सूचना दी। कंट्रोल रूम कर्मी ने उसे कहा कि पुलिस की ईआरवी को भेजा जा रहा है, तो उसने जवाब दिया कि पुलिस नहीं, हमें एंबुलेंस की जरूरत है। इसके बाद एंबुलेंस को सूचना देकर मौके पर भेजा गया।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**बावल।** दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर शनिवार की रात सांझरपुर के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से पेट्रोल पंप के सेल्समैन की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। टांकड़ी निवासी लगभग 25 वर्षीय आनंद जयसिंहपुर खेड़ा बैरियर के पास एक पेट्रोल पंप पर सेल्समैन लगा हुआ था। शनिवार को उसकी रात के समय ड्यूटी थी। वह बाइक लेकर घर से पेट्रोल पंप पर जाने के लिए निकला था। जब वह सांझरपुर के पास पहुंचा, तो किसी वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। वाहन चालक फरार होने में कामयाब हो गया। आसपास के लोगों ने पुलिस को हादसे को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, तो आनंद दम तोड़ चुका था। पुलिस ने रविवार को शव का पोस्टमार्टम करा दिया। केस दर्ज करने के बाद पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों की मदद से हादसे को अंजाम देने वाले वाहन का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।



रेवाड़ी। हादसे के बाद घटनास्थल पर पड़ी बाइक। फोटो : हरिभूमि

### बाइक खड़ी करने को लेकर विवाद दोनों पक्षों के लोग घायल

**रेवाड़ी।** बल्लूवाड़ा मोहल्ले में दुकान के सामने बाइक खड़ी करने को लेकर विवाद हो गया। झगड़ा इस कदर बढ़ा कि दोनों पक्षों के लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों के बयान पर केस दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी।

एक दुकानदार नकुल ने आरोप लगाया कि उसका पड़ोसी दुकानदार उसकी दुकान के सामने बाइक खड़ी करता है। उसे बार-बार मना करने के बावजूद वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। जब उसने बाइक दुकान के सामने से हटाने को कहा, तो उसने दुकान में घुसकर उस पर हमला कर दिया। आसपास के लोगों ने दोनों के बीच बचाव किया। उसने अस्पताल में उपचार कराया। वहीं दूसरे दुकानदार ने भी पहले नकुल पर हमला करने के आरोप लगाए हैं। सिटी पुलिस ने दोनों पक्षों के बयान दर्ज करने के बाद आगामी कार्यवाही शुरू कर दी।

### ट्रॉले की टक्कर से बाइक सवार टीचर की मौत

**रेवाड़ी।** मस्तापुर टहना के पास शनिवार देर सायं ट्रॉले की टक्कर से स्कूल टीचर की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। केस दर्ज करने के बाद ट्रॉला चालक की तलाश शुरू कर दी। शादीपुर निवासी लगभग 48 वर्षीय मुकेश टीजीटी टीचर लगा हुआ था। वह बाइक लेकर शादी समारोह में शरीक होने के लिए मस्तापुर के लिए निकला था। शादी से लौटते समय टहना बस स्टॉप पर एक ट्राले ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में मुकेश गंभीर रूप से घायल हो गया। ट्रॉला चालक मौके से फरार होने में कामयाब हो गया। आसपास के लोगों ने उसे तुरंत एक निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां रात को उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मृतक दो बच्चों का पिता था। सूचना मिलने के बाद रोहड़ाई थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा दिया। आसपास के सीसीटीवी कैमरों की मदद से पुलिस ट्रॉला चालक का पता लगाने के प्रयास कर रही है।



मृतक टीचर मुकेश

# नशीले पदार्थ के साथ आरोपी पकड़ा, 99 ग्राम गांजा बरामद

**रेवाड़ी।** कसोला थाना पुलिस ने अवैध नशीले पदार्थ गांजा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान गांव इब्राहिमपुर निवासी कर्मबीर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 99 ग्राम अवैध नशीला पदार्थ गांजा बरामद किया है। गत 7 मार्च को पुलिस को सूचना मिली कि कर्मबीर निवासी गांव इब्राहिमपुर गांव सुठाना के जोहड़ के पास गांजा बेचने के लिए खड़ा हुआ है। पुलिस ने मौके से आरोपी को 99 ग्राम गांजा सहित काबू कर लिया।पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नशीला पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है।



## आज से मौसम में बदलाव आने की संभावना, तापमान में ज्यादा गिरावट के आसार नहीं

# अर्से बाद मार्च में लगातार चढ़ रहा पारा, समय से पहले पसीने छुड़ा रही गर्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

मार्च माह में गर्मी पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ रही है। अर्से बाद माह की शुरूआत में पहली बार पारा लगातार बढ़ रहा है। इस समय तापमान सामान्य से 5 डिग्री ज्यादा बना हुआ है, जिससे गेहूं उत्पादक किसानों की चिंता बढ़ रही है। मौसम में 9 मार्च को बदलाव देखने को मिल सकता है। आंशिक या घने बादलों के बीच बूंदाबांदी की संभावना जताई जा रही है, परंतु इसके बाद भी तापमान में ज्यादा गिरावट के आसार नजर नहीं आ रहे। इस साल फरवरी के अंत में ही मौसम गर्म होना शुरू हो गया। 22 फरवरी के बाद से पारा लगातार 30 डिग्री के पार चल रहा है, जो दो दिन से 36 का आंकड़ा पार कर चुका है। रविवार को सुबह से ही मौसम साफ बना रहा। हवाएं तेज गति से चलती रहीं। अधिकतम तापमान 0.1 डिग्री की वृद्धि के साथ 36.6 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। न्यूनतम तापमान 0.2 डिग्री की गिरावट के साथ 12.8 पर आ गया। गत वर्ष की तुलना में दोनों ही तापमान लगातार ज्यादा बन हुए हैं। बीते साल 8 मार्च को अधिकतम तापमान 30.5 डिग्री और न्यूनतम 9.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। मार्च के दूसरे पखवाड़े तक मौसम ठंडा बना रहा था, लेकिन इस बार फरवरी के अंत में ही मौसम गर्म होना शुरू हो गया था। रात का तापमान 28 फरवरी के बाद बढ़ना शुरू हो गया था, जिससे रात के समय भी पंखे चलने शुरू हो गए हैं।

मौसम विभाग के अधिकारियों का मानना है कि लंबे समय बाद मार्च के शुरू में ही लगातार इतना तापमान पहली बार बढ़ रहा है। इससे आने वाले दिनों में लोगों को भयंकर गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। इस समय पंखे और एसी चलने भी शुरू हो गए हैं। एसी और कूलर अक्सर अप्रैल माह में चलने शुरू होते हैं, लेकिन इस बार समय से पहले इनका उपयोग शुरू हो गया है। मार्च माह के शुरू में ही तापमान में वृद्धि होने से पंखों और एसी का चलना शुरू हो गया है। एग्रीकल्चर क्षेत्र में बिजली की मांग पहले से ही ज्यादा बनी हुई थी। अब घरेलू बिजली की खपत में वृद्धि होना शुरू हो गया है। निगम सूत्रों के अनुसार गत तीन दिनों में बिजली की खपत 7 से 8 यूनिट तक बढ़ बढ़ गई है।



रेवाड़ी। एक खेत में तैयार हो रही गेहूं की फसल। फोटो : हरिभूमि

### आंशिक बादल छाने की संभावना

मौसम विभाग के अनुसार कमजोर पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते सप्ताह की शुरूआत में ही मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। आंशिक या घने बादलों के बीच बूंदाबांदी हो सकती है। हवाओं की गति 14 से 20 किलोमीटर प्रति घंटा रह सकती है। इस सप्ताह मौसम में बार-बार बदलाव देखने को मिल सकता है। बारिश की कोई संभावना नहीं है, परंतु तेज हवाओं के साथ बौछारें गिर सकती हैं। इसके बावजूद दिन के तापमान में गिरावट आने की ज्यादा संभावना नहीं है।

### किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें

मौसम ने फसल पकाव के अंतिम दौर में गेहूं उत्पादक किसानों की चिंता बढ़ा दी है। बढ़ते तापमान और तेज हवाएं चलने से गेहूं की फसल को भारी नुकसान की आशंका बन गई है। जहां पर्याप्त सिंचाई नहीं हो पा रही है, वहां खेतों में गेहूं की फसल सूखनी शुरू हो गई है। गेहूं पर दीमक का प्रकोप भी शुरू हो गया है। तापमान में और वृद्धि गेहूं उत्पादन पर प्रतिकूल असर डालेगी। समय से पहले गेहूं की फसल कटाई के लिए तैयार हो जाएगी, जिससे दाना कमजोर रह जाएगा।

### फसल सिंचाई नियमित रूप से करें



फसल सिंचाई नियमित रूप से करें तापमान 35 डिग्री के पार जाने के बाद लगातार इसी स्तर पर बने रहना लंबे समय बाद देखने को मिल रहा है। किसानों को गेहूं की फसल बचाने के लिए सावधानी बरतनी चाहिए। दोपहर के समय तापमान बढ़ते ही फसल की हल्की सिंचाई करनी चाहिए। साथ ही पोटेशियम नाइट्रेट का छिड़काव भी करना चाहिए।

**-डा. धर्मबीर यादव, निदेशक, कृषि अनुसंधान केंद्र, बावल।**

*जो शिक्षा प्रणाली लड़के- लड़कियों को सामाजिक बुराई या अन्याय के खिलाफ लड़ना नहीं सिखाती तो उस शिक्षा में जरूर कोई न कोई बुनियादी खराबी है।*

*-मुंशी प्रेमचंद*



*हम गिनती के पांच लोग ही मेट्रो स्टेशन के बाहर सार्वजनिक वाहन का इंतज़ार कर रहे थे। लगातार बढ़ती धुंध में दृश्यता ज़ीरो के आसपास थी। वहां बिल्कुल अकेले खड़े रहने की कल्पना बहुत भयानक होती, इसीलिए लोगों की उपस्थिति से मुझे कुछ तसल्ली मिल रही थी। मगर जितने भी लोग वहां थे, उनका पुरुष होना डरा रहा था।*



**शहरी संस्कृति बेदिल नहीं होती। जो अपना घर पीछे छोड़ कर अकेली महिला को उसके घर तक छोड़ने आए, उससे नंबर शेयर ना करें, यह नहीं हो सकता। मैं कुछ दिन थोड़ी सतर्क रही कि शायद वह बेवजह संदेश भेजेगा या फोन करेगा, मगर ऐसा नहीं हुआ। धीरे-धीरे यह किस्सा मेरी याददाश्त में रहा, मगर जीवन से ख़त्म हो गया। कोरोना के कारण बने जटिल हालात में जीवन घरों में क़ैद हो गया था। ऐसे में एक दिन अन्तरराष्ट्रीय अनजान नंबर से मुझे व्हाट्सअप संदेश मिला।**



कहानी

**वंदना यादव**

# मीडिल मैन

वह सर्दियों की रात थी। मोबाइल में दिख रहे समय के अनुसार वक़्त देर शाम से आगे बढ़ कर पहले पहर की रात में ढल चुका था। मैं घर पहुंचने की बेचैनी में बार-बार समय देख रही थी। पन्द्रह मिनट पहले घड़ी में दस बज गए थे। समय अब भी लगातार आगे बढ़ता जा रहा था। महानगर की रोशनियों से ज़रा दूर होते ही डरावने अंधेरे घेरने लगते हैं। उस दिन अंधेरा पूरी दहशत के साथ मेरे आस-पास फैलता हुआ महसूस हुआ। रात साढ़े दस बजे के करीब मैं अपनी नियमित दिनचर्या से तीन की घंटे की देरी से मेट्रो से उतरी। गहराते कोहरे में सब सवारियों में अकेली महिला होने के कारण मैं कुछ ज्यादा ही आत्मविश्वास दिखा रही थी।

मेरे आगे-पीछे वाले मेट्रो के किसी कोच से एक बेफिक्र सा युवा भी उतरा। हम गिनती के पांच लोग ही मेट्रो स्टेशन के बाहर सार्वजनिक वाहन का इंतज़ार कर रहे थे। लगातार बढ़ती धुंध में दृश्यता ज़ीरो के आसपास थी। उस समय मंज़र कुछ अलग तरह का था। वहां बिल्कुल अकेले खड़े रहने की कल्पना बहुत भयानक होती इसीलिए लोगों की उपस्थिति से मुझे कुछ तसल्ली मिल रही थी। मगर जितने भी लोग वहां थे, उनका पुरूष होना डरा रहा था। सर्दी पूरे चरम पर थी इसीलिए इस समय वहां कोई ऑटो नहीं था। मेट्रो स्टेशन के बाहर मौजूद सभी पांच लोगों ने एक-दो बार संशय भरी नज़रों से एक-दूसरे को देखा। इसी दौरान वह बेफिक्र सा युवा अचानक मेरे पास आ कर खड़ा हो गया। बिना कुछ बोले, वह मेरे साथ खड़ा रहा। कानों पर मोटे हैडफोन के आकार का ठंडक से बचने का इंतजाम लगाए वह कोई गीत गुनगुना रहा था। उसके गीत की धुन इससे पहले मैंने कभी नहीं सुनी थी।

सब सवारियां किसी वाहन का इंतज़ार कर रही थी कि उसी समय दूर से एक ऑटो रिक्शा की आवाज़ अपनी ओर आती सुनाई दी। कुछ ही पलों में कोहरे के बीच से एक मद्दम से जलते बल्ब को अपनी ओर आते हुए पाया। ऑटो ठीक से रुका भी नहीं था कि छः लोगों की सवारी में चार लोग हड़बड़ी के साथ चढ़े, मानो देरी होने पर सीट नहीं मिलेगी। ऑटो रिक्शा के रुकने पर जब मैं बैठने लगी, 'प्लीज सिट' उस बेफिक्र से युवा ने अपने साथ वाली सीट की ओर संकेत करते हुए कहा। पैंतालीस वर्षों से यहां रहते हुए मैं इस शहर को कुछ-कुछ समझने लगी हूं। कैंडल मार्च करने वाला यह शहर अपने आसपास की महिलाओं की सुरक्षा से बेपरवाह रहता है। उस दिन भी यही हुआ।

दो सवारियों को उतारने के बाद उसी दिशा में मेरा घर था, मगर एक प्रोढ़ उम्र वाले साथी सवार ने चालक को बाध्य कर दिया दूसरी दिशा के अपने पते पर चलने के लिए। कहने-सुनने का कोई अर्थ नहीं था, इसीलिए मैं चुप रही। इसके बावजूद मेरे चेहरे पर परेशानी फैल गई। मेरी विवशता देख उस बेफिक्र युवा की आंखों में फिक्र के बादल उमड़ आए।

'मैम, आपको एड्रस पर ड्रॉप करके घर जाएंगे।' अनायास ही उसने कहा।

'मैं अपने आप चली जाऊंगी। आप अपना एड्रेस बता दो, जिसका घर पहले आएगा, रिक्शा उधर ही पहले जाएगा।'

'मैम, आप मेरा मम्मा जैसा हैं। मैं ऐसा रात में मेरी मम्मा को अकेला नहीं छोड़ेंगे।' इस बार मैंने उसके चेहरे को गौर से देखा, वह भारतीय नहीं था।

'तुम कहां से हो?'

'म्यांमार से मैम।'

'यहां कैसे आए?'

'काम से मैम।' उसके बोलने से लगा कि वह कहना चाहता था, मेरी उम्र से अंदाज़ लगा लो, यह काम करने की उम्र है, वही करने आया हूं।

'क्या करते हो?'

'अबी काम सीख रहा हे।' सड़क पर आती-जाती स्ट्रीट लाइट की रोशनी में मैंने उसकी आंखें देखीं, छोटी-छोटी सी, मगर ज़िंदगी से लबरेज़ आंखें।

'मेरा अंकल एडमिट हे यहां के हॉस्पिटल में।' उसने बताया।

'क्या हुआ उन्हें?'

'हार्ट का प्रोब्लम हे मैम। सर्जरी करना हे। ट्रांसप्लांट करेगा दोक्तर।' भाषाई भेद के बावजूद वह सही तरह से अपनी बात समझाना सीख गया था।

'कौन से हॉस्पिटल में हैं?' उसने जो नाम बताया उससे मेरी उत्सुकता बढ़ गई।

'तुम म्यांमार से सीधे यहां कैसे पहुंचे? इंटरनेट पर सर्च किया था, इस हॉस्पिटल के बारे में या किसी ने यहां भेजा है?' मैंने फिर सवाल किया।

'यस मैम, मेरा कंट्री से सब इंडिया आते हैं इलाज के लिए।'

'क्या तुम्हें मेडिकल टूरिज्म के बारे में मालूम है?'

'यस।' उसने पूरे आत्मविश्वास के साथ जवाब दिया।

'तुम्हें पक्का पता है ना कि तुम्हारे अंकल को इसी इलाज़ की ज़रूरत है, कहीं दोनों देशों के लोग मिलकर तुम्हें बेवकूफ ना बना रहे हों।'

'अमारे कंट्री में पहले चेक करते हे। वो रेफर करता हे, तब इंडिया आते हे।' उसने अपनी ओर से स्थिति की तस्वीर खींची। रिक्शा इस समय भी मेरे घर की विपरीत दिशा में दौड़ रहा था।

'मैम, आप कोई जॉब करते हे?' यह पूछते हुए उसकी आवाज़ में झिझक नहीं थी।

'क्यों?' महानगरीय लोग सामने घटित हो रही घटना को नज़र अंदाज़ करने और सवाल के बदले सवाल पूछने के आदी होते हैं। अब मैं भी महानगर हो गई हूं, सो बिना जांच पड़ताल किए, कुछ भी कैसे बता देती!

'आपको पहले नहीं देका। मे इसी टाइम पर आता हे कई बार।' उसने घड़ी देखते हुए कहा।

'तुम कब से हो यहां?'

'छे महीना से।'

'सर्जरी हो गई तुम्हारे अंकल की?'

'हो गए।'

'तुम वापस कब जाओगे?' इस बार ऑटो मेरे घर की दिशा में जा रहा था।

'मेरा एक ओर अंकल का सर्जरी होने हे। ये लोग रिटर्न जा रहे हे, मैं यहीं रहेगा।'

'ये तुम्हारे अंकल हैं या तुम यही बिजनेस करते हो?' इस बार का वार, लुहार के हथौड़े वाला था।

'ये अंकल हे, पर अब में यही रहेगा और काम सीकेगा।'

'क्या काम सीखने वाले हो?' मैंने पूछा।

'मिडिल मैन! में मिडिल मैन बनेगा।' उसने पूरे यक़ीन के साथ कहा।

'यह मीडिल मैन क्या होता है?'

'देको, अमरे मीडिल मैन और आपके देश वाले मीडिल मैन ने अमको ऑप्शन दिया कि इस ट्रीटमेंट के लिए इंडिया के कौनसे हॉस्पिटल में ईलाज करवाना हें। एक्चूली बताया कि ये वाले हॉस्पिटल टीक हे, तो अम यहां आया।' उसने मुझे समझाया।

'इसमें तुम क्या सीखोगे?'

'मैम, मेरे कंट्री का मैं सब कुच जानते हे। यहां रह कर आपके देश का सीक रहा हे। थोडा टाइम में देकना मैम, में सब सीक जाएगा... खूब रूपीज़ कमाएगा मैम। बैक होम, फेमली को भेजेगा वो सारे रूपीज़।'

'कितने लोगों का इलाज़ करवाओगे तुम?'

'मैम, मरना कोन चाहते हे? सब जानते हे कि मरना हे, फिर भी मरना नही चाहते।' यह कहकर वह ठट्ठा कर हंसा और देर तक हंसता रहा।

'मैम, ओल्ड मैन भी लोन पर रूपीज़ ले कर इलाज करवाने दौड़ते हे... कहीं भी दौड़ते हे। अमारा लोग इंडिया आते हे। में लाएगा उनको इंडिया। में मिडिल मैन बनेगा।'

'मीडिल मैन क्या होते हे?' मैंने पूछा।

'मेडीकल डीलर, में वही बनेगा।' उसने कहा।

'तुम्हारी फेमिली में कौन-कौन हैं, रुपये किसे भेजोगे?'

'मेरे पेरेंट्स हे मैम। अमारा फार्मिंग का लैंड हे जेसे आपके देश में खेती ओता हे, वहां भी ओता हे।'

'बस...बस, रिक्शा रोको, यही है मेरा घर।'

'मैम, प्रोबलम नई हे तो अपना नंबर शेयर करेंगे?' उसने कहा।

शहरी संस्कृति बेदिल नहीं होती। जो अपना घर पीछे छोड़ कर अकेली महिला को उसके घर तक छोड़ने आए, उससे नंबर शेयर ना करें, यह नहीं हो सकता। मैं कुछ दिन थोड़ी सतर्क रही कि शायद वह बेवजह संदेश भेजेगा या फोन करेगा, मगर ऐसा नहीं हुआ। धीरे-धीरे यह किस्सा मेरी याददाश्त में रहा मगर जीवन से ख़त्म हो गया। कोरोना के कारण बने जटिल हालात में जीवन घरों में क़ैद हो गया था। ऐसे में एक दिन अन्तरराष्ट्रीय अनजान नंबर से मुझे व्हाट्सअप संदेश मिला।

'मैम, में कॉल कर रहा हूं, आप प्लीज फोन उठाएं।' संदेश करने वाले की तस्वीर पहचानी सी लगी, परन्तु नाम याद नहीं आ रहा था।

'हैलो मैम, मैं अली बोल रहा हे म्यांमार से।' बस इतना ही परिचय चाहिए था। मुझे सर्द रात में फ़रिश्ते सा वह युवा याद आ गया।

'हैलो अली, कहां हो आजकल?'

'मैम, मेरा मदर एक्सपायर हो गया था, तब मैं अपने घर आया था फिर यह सब हो गया, फ्लाइट बंद हो गया। अब मेरे फादर भी नहीं रहा मैम।'

'ओह, जानकर बहुत दुख हुआ बेटा।' इस बार भी बेटा संबोधन अंतर्मन से निकला था।

'मैम, जल्दी ये सब ठीक होने वाला है। फ्लाइट शुरू होते ही मे इंडिया आ जाउंगा। अब उतने पैसे की जरूरत नहीं है। यहां कोई नहीं बचा मेरा। मैम, मेरा मम्मा नहीं रहा, मे एक बार आपसे मिलना चाहता हे, आ जाऊं मैम?'

'हां, बेटा, हालात ठीक हो जाते हैं तब आना।'

बात ख़त्म हो गई थी। चिपचिपा मौसम एकाएक बदल गया... हर ओर ठंडी हवा बहने लगी।

---

लघुकथा

**डॉ. सुरेश वशिष्ठ**



## पापिन

गंगा की पावन जलधार में डुबकी लगाई और ईश्वर का ध्यान किया। कुछ क्षण आंखें बंद किए उसे पुकारता रहा। डुबकी फिर लगाई। एक नहीं...कई डुबकियां एक साथ लगाई। फिर घाट की पौड़ी पर पांव रखा ही था कि सामने कावेरी को देख दंग रह गया।

वह शायद अपने पाप धोने आई थी। अंतस् में विचार जागने लगा।

मुझे देख ठगी-सी खड़ी रह गई वह और आंखों से अश्रुधारा फूट पड़ी। फिर मेरी आंखों में झांकती हुई धीरे से आगे बढ़ी और पैरों में गिरकर बिलख पड़ी। मैं अचेत-सा उसे देखता रहा।

चेतना जागी तो कह बैठा- 'मुझे छोड़कर गई, सहन हुआ। पर तुमने तो ममत्व का भी गला घोंट दिया। अपने ही दुधमुंहे बच्चे को छोड़कर चली गई ?'

'मैं आप दोनों की अपराधी हूं, पापिन हूं।' नजरें कभी उठती, कभी गिरती रही।

'जिसके लिए हमें छोड़कर गई थी, वह साथ नहीं है क्या? उसे तो तुम्हारे साथ होना चाहिए था?'

'नहीं...।' और रुदन काँपने लगा।

'नहीं क्यों..?'

'उसे मेरी देह चाहिए थी, मैं नहीं।...देह मिली तो वह चला गया।' बहती अश्रुधार से उसकी आंखें मिच-मिचाने लगी थीं।

गजल

**सत्यप्रकाश बलेवा**



## मानवता लाचार है

शक्तियों का हो रहा प्रचण्ड रोज प्रहार है,
हर तरफ चीख-पुकार और हाहाकार है।
थर्रा उठे शहर-महल वहां रातों-रात में,
शक्तियों के युद्ध में मानवता लाचार है।
शांति के दूत बने खाते हैं नित मौत को,
जगह-जगह लगा हुआ गोलों का अंबार है।
धधक रहा आसमान मौत की बारिश बने,
सनक शासक की उठे मार-अत्याचार है।
चारों तरफ हो रहा मौत का तांडव जहां,
मानव की बेबसी पर रो रहा संसार है।
भागती जिन्दगियां लील लेगा अब कभी,
क्रूर शासक कर रहे मौत का व्यापार है।
स्वार्थ अपने सिद्ध कर दादागिरी का सार है,
विश्व की संस्थाएं मौन-चुप लाचार है।

कविता

**नवीन फरमाणियां**



## सरकार के आगे

*सभी हैं मौन, सरकार के आगे*
*फिर बोले कौन, सरकार के आगे...*
*हो गया कानून अंधा, नहीं दिखता चेहरा*
*बन बैठा लोकतंत्र बहरा, सरकार के आगे ...*
*हो गए कैद क़फ़स में हम*
*अधिकार जो मांगे, सरकार के आगे...*
*महंगाई ने कर रखा गरीबों का हाल बेहाल*
*कौन करे सवाल, सरकार के आगे...*
*डंडों से देंगे मार, जाएंगे गैस के गोले दागे*
*जो मांगे रोजगार, सरकार के आगे...*
*राम राज्य में सुरक्षित नहीं, सीता जो*
*कौन दिलाएं न्याय रेप पीड़िता को, सरकार के आगे...*
*अमीर होता तो न्याय मिल जाता*
*गरीब खड़ा हाथ जोड़, सरकार के आगे...*
*कलम पर भी बरसा प्रकोप बनकर काल*
*नवीन तेरी क्या मजाल, सरकार के आगे ।*

---

# जिंदा लोगों का मोहल्ला

*जिंदा आदमी खोज प्रतियोगिता की उद्घोषणा के बाद मोहल्ले में जैसे स्वयं को जिंदा साबित करने की निवासियों में होड़ -सी लग गई। जिंदा होने के सबूत जुटाए जाने लगे। गवाहों की सूची बनाई जाने लगी। दिन-रात लोग सांस ले लेकर देखने लगे। दूसरे मोहल्ले के लोगों के पास जाकर पूछने लगे कि क्या उन्हें वे जिंदा दिखाई दे रहे हैं?*



**सारा मोहल्ला निराशा से आसमान को ताक रहा था कि तभी एक बच्चे ने आकर बताया कि कब्रिस्तान के एक कोने में एक आदमी बैठा हुआ मिला है जिसके ललाट से खून निकल रहा है। आदमी से खून निकलता मोहल्ले ने पहली बार सुना था। कौतूहलवश पूरा मोहल्ला उस आदमी के इर्द-गिर्द जमा हो गया। आदमी में रक्त है इसके साक्षी मोहल्ले वाले पहली बार हुए। आपसी विमर्श के बाद उस आदमी को पहला जिंदा आदमी घोषित कर दिया गया। मोहल्ला इतना खुश था कि सब निवासी उस आदमी का थोड़ा-थोड़ा खून निचोड़ कर अपने शरीर पर मलने लगे और जिंदा आदमी मिलने की खुशी में नाचने-गाने लगे।**



व्यंग्य

**सुनील साहिल**

आज मोहल्ले के निवासियों की सभा हुई जिसमें तय हुआ कि मोहल्ले के जिंदा लोगों को चिन्हित किया जाएगा, लेकिन साथ ही यह आशंका भी जाहिर की गई कि जिंदा लोगों की पहचान कैसे की जाए?

मोहल्ले के सबसे बुद्धिजीवी व्यक्ति ने एक सर्वश्रेष्ठ सुझाव दिया कि सबसे पहले यह देखा जाएगा कि जिंदा आदमी सांस ले रहा है। साथ में जिंदा आदमी की पहचान यह भी तय की जाए कि वह जमीन पर चलता हो और यदि जिंदा आदमी देख भी सकता है तो यह उसकी अतिरिक्त योग्यता होगी। एक मरे हुए जिंदा आदमी ने कहा कि मोहल्ला स्तर की 'जिंदा आदमी खोज प्रतियोगिता' का आयोजन हो और समारोह स्थल स्थानीय कब्रिस्तान का बाग हो क्योंकि वहां ऑडियंस के रूप में मुर्दे तो पहले से ही मौजूद हैं। इसके लिए आनन-फानन में एक समिति का गठन किया गया। सुझाव क्योंकि एक मरे हुए जिंदा आदमी ने दिया था तो सब निवासियों ने गाल बजाकर इसका स्वागत किया। जिंदा आदमी खोज प्रतियोगिता की उद्घोषणा के बाद मोहल्ले में जैसे स्वयं को जिंदा साबित करने की निवासियों में होड़ सी लग गई। जिंदा होने के सबूत जुटाए जाने लगे। गवाहों की सूची बनाई जाने लगी। दिन-रात लोग सांस ले लेकर देखने लगे। दूसरे मोहल्ले के लोगों के पास जाकर पूछने लगे कि क्या उन्हें वे जिंदा दिखाई दे रहे हैं?

कुछ अतिरिक्त चतुर युवा प्रतियोगी 'जिंदगी जिंदादिली का नाम है मुरदे क्या खाक जिया करते हैं' जैसी कविताएं रटने लगे। लड़कियां 'जिंदा हूं मैं' जैसे सिनेमाई नगमे याद करने लगी। मानों मोहल्ला फिर से जी उठा। चारों तरफ जिंदगी का माहौल था। आखिरकार प्रतियोगिता का दिन आ ही गया। मुख्य अतिथि स्थानीय नेता श्री मरे प्रसाद 'जीवित' जी थे जो कि अपने समय के महान स्वघोषित जिंदा थे। उन्हें 'जिंदा विभूषण' जैसा राष्ट्रीय सम्मान भी प्राप्त हो चुका है। जिंदा लोगों की इस खोज प्रतियोगिता में सबसे पहले मोहल्ले के निवासियों को भागकर दिखाना था। बिगुल बजते ही सब भागने लगे और कुछ निवासी ऐसे पीठ दिखाकर भागे कि लौटकर कर ही नहीं आए। इसका अर्थ ये निकाला गया कि वे जिंदा नहीं थे, बस अपने कंधों पर अपनी लाश ढो रहे थे और इस अवगुण के चलते वे सब प्रतियोगिता से बाहर हो गए।

एकाएक मोहल्ले के साहित्यकार समवेत स्वर में चिल्लाने लगे 'हिंदी हमारी मां है, हिंदी हमारी मां है' क्योंकि उन्होंने कहीं से सुन लिया था कि जिसे निज भाषा पर अभिमान नहीं, वह पुरुष मृत समान है। जिंदा दिखने का यह उनका अनूठा प्रयास था। दूसरे राउंड में नेताजी मोहल्ले की एक औरत को पीटने लगे जिसे मोहल्ला निवासी मनोरंजन की दृष्टि से देख रहे थे। यही उनकी परीक्षा की घड़ी थी, जिसे निर्णायकों ने अपनी सूक्ष्म दृष्टि से जांचा। जिस-जिस ने ताली बजाई और उछल कूद की, उन्हें प्रतियोगिता से बाहर कर दिया गया और जिस-जिस ने नेताजी को पकड़कर कूटा, उन्हें अलग से खड़ा कर दिया गया। वे सेमी फाइनल में प्रवेश कर चुके थे। इससे अगले राउंड में प्रतिभागियों को नेताजी की महिमा में चार पंक्तियां लिखनी थी। जिस-जिस ने भी लिख दी, वे भी प्रतियोगिता से बाहर कर दिए गए। चापलूसी, चाटुकारिता और चमचागिरी जिंदा आदमी के लिए विष के समान समझी गई। मोहल्ला अभी भी आशावादी था कि उनके बीच कुछ जिंदा लोग तो जरूर पाए जाएंगे। सो प्रतियोगिता जारी रही- लोगों का चलना देखा गया, उनका सांस लेना देखा गया, उनका पानी पीना, उनका हंसना-रोना देखा गया, लेकिन मोहल्ले को फिर भी एक संपूर्ण जिंदा आदमी नहीं मिला। जो मुर्दनी उस मोहल्ले में सदियों से थी, वह और छा गई। रुदालियां रोने की तैयारियां करने लगी। शहनाई वादक को खबर कर दी गई। सारा मोहल्ला निराशा से आसमान को ताक रहा था कि तभी एक बच्चे ने आकर बताया कि कब्रिस्तान के एक कोने में एक आदमी बैठा हुआ मिला है जिसके ललाट से खून निकल रहा है। आदमी से खून निकलता मोहल्ले ने पहली बार सुना था। कौतूहलवश पूरा मोहल्ला उस आदमी के इर्द-गिर्द जमा हो गया। आदमी में रक्त हो इसके साक्षी मोहल्ले वाले पहली बार हुए। आपसी विमर्श के बाद उस आदमी को पहला जिंदा आदमी घोषित कर दिया गया। मोहल्ला इतना खुश था कि सब निवासी उस आदमी का थोड़ा-थोड़ा खून निचोड़ कर अपने शरीर पर मलने लगे और जिंदा आदमी मिलने की खुशी में नाचने-गाने लगे। यह खूनी उत्सव पूरी रात चलता रहा। सुबह हुई तो देखा कि वह एकमात्र जिंदा आदमी भी मर चुका था।

---

# संवेदनाओं का पारदर्शी दर्पण है काव्य संग्रह 'अभिव्यक्ति'





**पुस्तक : अभिव्यक्ति**
**कवयित्री : डॉ. पूनम भारद्वाज**
**मूल्य : 240 रुपये**
**प्रकाशक : अद्विक पब्लिकेशन, दिल्ली**



पुस्तक समीक्षा

**डॉ. विजेन्द्र कुमार**

साहित्य की अविरल धारा में कविता वह दर्पण है, जिसमें समाज अपनी संवेदनाओं, संघर्षों और स्वप्नों का चेहरा देखता है। आधुनिक हिंदी साहित्य के परिदृश्य में डॉ. पूनम भारद्वाज का काव्य-संग्रह 'अभिव्यक्ति' एक ऐसी ही सशक्त उपस्थिति है, जो अपनी वैचारिक गहराई और भावपूर्ण प्रस्तुति से पाठक के हृदय पर अमिट छाप छोड़ने में समर्थ है। यह कृति केवल शब्दों का विन्यास नहीं, बल्कि एक स्त्री के अंतर्मन की गूंज, सामाजिक विसंगतियों पर प्रहार और मानवीय मूल्यों की पुनर्स्थापना का एक गंभीर प्रयास है।

डॉ. भारद्वाज की कविताएं जीवन के उस यथार्थ से रूबरू कराती हैं, जिसे हम अकसर अपनी भागदौड़ भरी ज़िंदगी में अनदेखा कर देते हैं। उनकी शैली में जहां एक ओर कोमलता है, वहीं दूसरी ओर ज्वलंत मुद्दों पर एक निर्भीक स्पष्टता भी दिखाई देती है। इस संग्रह की सबसे बड़ी विशेषता इसकी बहुआयामी प्रकृति है। कवयित्री ने प्रेम, प्रकृति, आध्यात्मिकता और स्त्री-विमर्श जैसे विषयों को बहुत ही सूक्ष्मता से अपनी लेखनी में पिरोया है। उनकी कविताओं में एक प्रवाह है, जो पाठक को सहज ही अपनी ओर आकर्षित कर लेता है। 'अभिव्यक्ति' की पंक्तियों में छिपी गहरी दार्शनिकता पाठक को आत्मचिंतन के लिए विवश करती है। संग्रह का एक अन्य महत्वपूर्ण पक्ष स्त्री-चेतना और उसकी अस्मिता का प्रश्न है। कवयित्री ने अपनी कविताओं के माध्यम से स्त्री के अंतर्द्वंद्व और उसकी शक्ति को बहुत ही प्रभावी ढंग से मुखर किया है। वे स्त्री को केवल त्याग की मूर्ति के रूप में ही नहीं, बल्कि एक स्वाभिमानी और स्वतंत्र चेतना के रूप में प्रतिष्ठित करती हैं। आध्यात्मिक स्तर पर भी यह संग्रह काफी समृद्ध है। भक्ति और आस्था उनके काव्य में अंधविश्वास के रूप में नहीं, बल्कि एक आंतरिक शक्ति के रूप में प्रवाहित होती है। वे ईश्वर को मंदिर या मस्जिदों के बजाय मनुष्य के भीतर और उसकी सेवा में खोजने का संदेश देती हैं। उनकी आध्यात्मिक चेतना लोक-कल्याण की भावना से ओत-प्रोत है। काव्य-शिल्प की दृष्टि से देखें तो 'अभिव्यक्ति' की भाषा सरल, सहज और प्रवाहमयी है। क्लिष्ट शब्दों के बजाय उन्होंने ऐसे शब्दों का चयन किया है जो सीधे पाठक के संवाद स्थापित करते हैं। उपमाओं और प्रतीकों का प्रयोग बहुत ही सटीक और प्रभावशाली ढंग से किया गया है। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि डॉ. पूनम भारद्वाज ने इस संग्रह के माध्यम से हिंदी कविता की समृद्ध परंपरा को आगे बढ़ाया है। 'अभिव्यक्ति' नाम सार्थक सिद्ध होता है क्योंकि यह केवल कवयित्री की अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि हर उस व्यक्ति की आवाज़ बन जाती है जो जीवन को गहराई से महसूस करता है। इस संग्रह की एक और कविता की ये पंक्तियां मन को गहराई तक छू जाती हैं :

*'रिश्तों की डोर बड़ी कच्ची है,पर*
*विश्वास की नींव अगर सच्ची है,*
*तो तूफानों में भी दीये जलेंगे, क्योंकि*
*नियत हमारी अच्छी है।'*

अंततः, डॉ. पूनम भारद्वाज का यह काव्य-संग्रह 'अभिव्यक्ति' हिंदी साहित्य की एक अनमोल निधि है। यह पुस्तक उन सभी के लिए पठनीय है जो कविता में सत्य, शिव और सुंदर की खोज करते हैं। यह संग्रह हमें यह विश्वास दिलाता है कि जब तक शब्द जीवित हैं और कवियों की लेखनी सक्रिय है, तब तक मानवीय संवेदनाओं का दीप प्रज्ज्वलित रहेगा। डॉ. भारद्वाज की यह कृति न केवल उनके काव्य-कौशल का प्रमाण है, बल्कि उनके संवेदनशील व्यक्तित्व का प्रतिबिंब भी है। यह काव्य-यात्रा पाठकों के मन में एक नई ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार करती है, जो साहित्य की वास्तविक सार्थकता है।

# स्वास्थ्य के लिए घातल, फिर भी सिगरेट की कालाबाजारी छोटे सप्लायर और दुकानदार कर रहे 'ब्लैक मार्केटिंग'

- एक अप्रैल से लागू होना है बजट, लेकिन दो महीने पहले ही बढ़ा दिए गए सिगरेट के दाम
- गोल्ड फ्लैक की सभी टैक्स लागू करने उपरांत 10 रुपये वाली एक सिगरेट बेची जा रही 15 रुपये में



नारनौल। सिगरेट की डिब्बी पर पूरी डिब्बी व एक सिगरेट के छपे रेट। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

केंद्रीय बजट पेश होने के बाद जिले में सिगरेट की कीमतों को लेकर अजीब स्थिति बन गई है। जहां एक ओर सरकार द्वारा बजट को एक अप्रैल 2026 से लागू किए जाने की बात कही गई है, वहीं दूसरी ओर जिले में छोटे सप्लायरों और दुकानदारों ने अभी से सिगरेट के दाम बढ़ाकर जमकर ब्लैक मार्केटिंग की जा रही है। हालत यह है कि दुकानदार मनमाने दाम वसूल कर रहे हैं और ग्राहक मजबूरी में महंगी सिगरेट खरीदने को विवश हो रहे हैं।

जानकारी के अनुसार केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गत एक फरवरी को संसद में बजट पेश किया था। बजट में तंबाकू उत्पादों पर टैक्स को लेकर चर्चा के बाद से ही बाजार में सिगरेट की कीमतें बढ़ने लगीं। जिले में दुकानदारों ने बजट पेश होने के तुरंत बाद ही सिगरेट के दाम बढ़ा दिए, जबकि आधिकारिक रूप से नई दरें अभी लागू ही नहीं हुई हैं। बताया जा रहा है कि पहले गोल्ड फ्लैक सिगरेट की 95 रुपये वाली डिब्बी दुकानदार 100 रुपये में बेचते थे। वहीं एक सिगरेट की कीमत करीब साढ़े नौ रुपये पड़ती थी, लेकिन ग्राहक से सीधे 10 रुपये वसूले जाते थे। बजट पेश करने के तीसरे दिन बाद यानी चार फरवरी से दुकानदारों ने 10 रुपये वाली सिगरेट को 12 रुपये में बेचना शुरू कर दिया था। इसके बाद कुछ ही दिनों में कीमतें और बढ़ा दी गईं और अब वही सिगरेट 15 रुपये की बेची जा रही है। ग्राहकों द्वारा जब दुकानदारों से अधिक कीमत लेने को लेकर सवाल किया जाता है तो ज्यादातर दुकानदार यही जवाब देते हैं कि उन्हें आगे से ही महंगी सिगरेट मिल रही है। हालांकि जब बड़े सप्लायरों और एजेंसी संचालकों से इस बारे में बातचीत की गई तो उनका कहना है कि पहले सिगरेट पर सेस लगाया जाता था, जबकि अब इसे जीएसटी के दायरे में लाया गया है। इसी कारण कीमतों में बढ़ोतरी की बात कही जा रही है।

जानकारों का कहना है कि इस स्थिति का फायदा उठाकर छोटे सप्लायर और दुकानदार मोटा मुनाफा कमा रहे हैं। वे ग्राहकों को यह कहकर गुमराह कर रहे हैं कि सरकार ने टैक्स बढ़ा दिया है। जिला महेंद्रगढ़ में सिगरेट की खपत भी काफी अधिक बताई जाती है। यहां के बाजारों और ग्रामीण क्षेत्रों में सिगरेट पीने वालों की संख्या बड़ी है।

### सिगरेट की होती है काफी खपत बिना बिल के भी करते हैं सप्लाई

जानकार बताते हैं कि कई बार ऐसे रास्तों से बिना उचित बिल के सिगरेट की खेप लाई जाती है, जिससे सरकार को राजस्व का नुकसान भी होता है। वहीं दूसरी ओर दुकानदार इन सिगरेटों को बाजार में मनमाने दामों पर बेचकर अतिरिक्त कमाई करते हैं। प्रशासन की ओर से इस पर अभी तक कोई बड़ी कार्रवाई सामने नहीं आई है। ग्राहकों का कहना है कि सिगरेट पहले ही महंगी होती जा रही है और अब दुकानदारों द्वारा की जा रही ब्लैक मार्केटिंग से उन्हें और अधिक पैसे खर्च करने पड़ रहे हैं। कई लोगों ने प्रशासन से इस मामले में जांच कर कार्रवाई की मांग भी की है, ताकि बाजार में मनमाने दाम वसूलने पर रोक लगाई जा सके।

### स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक है सिगरेट

डॉक्टरों के अनुसार सिगरेट पीना स्वास्थ्य के लिए बेहद नुकसानदायक है। सिगरेट के धुएं में मौजूद निकोटिन और अन्य जहरीले तत्व शरीर के कई अंगों को प्रभावित करते हैं। लंबे समय तक सिगरेट पीने से फेफड़ों के रोग, हृदय रोग और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। विशेषज्ञों का कहना है कि युवाओं में सिगरेट की बढ़ती लत चिंता का विषय है। स्वास्थ्य विभाग समय-समय पर लोगों को तंबाकू उत्पादों से दूर रहने के लिए जागरूक भी करता है, लेकिन इसके बावजूद धूम्रपान करने वालों की संख्या कम नहीं हो रही। ऐसे में जरूरी है कि लोग अपनी सेहत को ध्यान में रखते हुए सिगरेट से दूरी बनाएं।

## खबर संक्षेप

### प्राणपुरा में किया श्रीश्याम बाबा का जागरण

**नारनौल।** श्रीश्याम आस्था मंडल के तत्वावधान में मनीष सैनी के निवास स्थान मोहल्ला प्राणपुरा में श्रीश्याम बाबा का जागरण किया गया। जिसके मुख्य यजमान सन्तोष देवी सैनी व उनका परिवार रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल के प्रधान हरिओम गर्ग ने की। सुरेश सोनी ने बाबा का भव्य दरबार रंग बिरंगे फूलों व लाइटों से सजाया। मंडल प्रवक्ता हेमंत गुप्ता ने बताया कि आचार्य मनीष कौशिक ने यजमान मनीष सैनी व मनीषा सैनी से परिवार सहित मंत्रोच्चार के बाद बाबा की पवित्र ज्योति प्रज्ज्वलित करवाई। सुनील कुमार ने गणेश वंदना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर मनोज वालिया, सुरेश सोनी, संतोष देवी, मनीष सैनी, पार्थ सैनी, उमेश, अनु, एकलव्य, दक्ष, सुनील, पूनम, गर्वित, जीवांश, हरिनारायण महाराज आदि उपस्थित रहे।

### शिविर में 40 जरूरतमंदों ने उठाया लाभ

**कनीना।** लाला शिवलाल की धर्मशाला में रविवार को सामाजिक संस्था सेवा भारती की ओर से आयोजित किए गए स्वास्थ्य जांच शिविर में 40 जरूरतमंद नागरिकों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। इस शिविर में रेवाड़ी के निजी अस्पताल के चिकित्सकों ने सेवाएं दी। जिसमें ईसीजी, बीपी व शुगर की जांच कर परामर्श भी दिया गया। शिवकुमार अग्रवाल व योगेश अग्रवाल ने बताया कि शिविर में डॉ. आसिफ रहमान, डॉ. हर्ष ने मरीजों की जांच कर दवा वितरित की। इस मौके पर प्रताप यादव, सुरेश शर्मा, जगदीश गुप्ता, श्यामसुंदर, दिनेश कुमार, वेदप्रकाश शर्मा, अमित आदि उपस्थित थे।

### दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

**महेंद्रगढ़।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत मंडल महेंद्रगढ़ में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। प्रशिक्षण कार्यशाला में वक्ता के रूप में जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव, नरेंद्र यादव सुजापुर, अजीत सिंह कलवाड़ी, पूर्व जिला अध्यक्ष दयाराम यादव, शंकर सिंह धूपड़, संदीप मालड़ा व रमेश तंवर मौजूद रहे। मंडल प्रशिक्षण कार्यशाला में विधायक पुत्र राहुल यादव मौजूद रहे।

### सर्व समाज मंच का हुआ सम्मान समारोह

**मंडी अटेली।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में सर्व समाज मंच द्वारा आयोजित संस्कृति एवं सम्मान समारोह में सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को 'नारी गौरव' सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अटेली की प्राचार्य कुसुमलता ने की। मंच संचालन रिटायर्ड टीचर सीएस वर्मा प्रभाकर ने किया।

कार्यक्रम संयोजक मास्टर रामसिंह ने कहा कि नारी समाज की धुरी है, जिस पर समाज का ढांचा टिका हुआ है।

---

### भव्य कार्यक्रम में शिक्षा व समाजसेवा से जुड़ी महिलाओं को किया सम्मानित

# महिला दिवस : महिलाओं के अधिकार और सशक्तीकरण पर मंथन जरूरी

**समाज की प्रगति महिलाओं की भागीदारी और सम्मान पर निर्भर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल


नारनौल। कार्यक्रम में महिलाओं को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट की ओर से नारी शक्ति के सम्मान में भव्य कार्यक्रम प्रगति नारी शक्ति सम्मान का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षा, समाजसेवा तथा विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित करते हुए महिला सशक्तिकरण और अधिकारों पर सार्थक चर्चा की गई। ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. संजय शर्मा व ट्रस्टी दिनेश शर्मा ने बताया कि इस वर्ष महिला दिवस का विषय अधिकार व न्याय के साथ महिलाओं का सशक्तिकरण रखा गया।

उन्होंने कहा कि किसी भी समाज की प्रगति महिलाओं की भागीदारी और सम्मान पर निर्भर करती है। कार्यक्रम का संचालन ओशिन शुक्ला साक्षी ने किया। कार्यक्रम संयोजक रवीना सोनी व नरोत्तम सोनी ने बताया कि महिला दिवस पर आयोजित इस समारोह में समाज के विभिन्न क्षेत्रों से प्रेरणादायी व्यक्तित्वों को आमंत्रित किया गया, ताकि महिलाओं के अधिकारों व उनकी उपलब्धियों को समाज के सामने प्रमुखता से रखा जा सके। समारोह में पाल्हावास स्कूल की प्राचार्या शोभा भारद्वाज, विद्या भारती स्कूल की निर्देशिका उषा यादव, नगर परिषद की पूर्व अध्यक्ष भारती सैनी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही।

उन्होंने कहा कि आज की महिला शिक्षा, प्रशासन, चिकित्सा और सामाजिक क्षेत्र में नई ऊंचाइयां हासिल कर रही है। कार्यक्रम में समाजसेवी विजय गोस्वामी, डॉ. सुरेंद्र मित्तल, हरियाणा स्कूल संचालक संगीता शर्मा, विपिन शर्माए डॉ. मेघा मित्तल संवेदना अस्पताल, डॉ. पूजा जांगिड़ एसएस अस्पताल विशिष्ट अतिथि रहे। ट्रस्टी भीमसेन शर्मा व राकेश कुमार ने बताया कि इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। लोक कलाकार रूबिया भारती ने लोक गीत प्रस्तुत किए, शिक्षक धर्मसिंह व विजय भार्गव ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों व प्रेरणादायी विचारों के माध्यम से महिला सम्मान, समानता व सामाजिक सहयोग का संदेश दिया।

#### यह रहे उपस्थित

*कार्यक्रम में विजय गोस्वामी, दिनेश शर्मा, कौशल शर्मा, हरिकिशन गौड़, ईश्वर सिंह यादव, प्राचार्य दलजीत शास्त्री, हितेश गौड़, बाबूलाल शिक्षक, गौतम मिगलानी, बंसीलाल ट्रस्टी, ओसियन शुक्ला, दिनेश शर्मा, सुरेश शर्मा शास्त्री नगर, बनवारी लाल एडवोकेट, कर्मवीर यादव, विजय भार्गव, धर्मसिंह, मुरारीलाल शर्मा, राकेश शर्मा, भीमसेन, नरोत्तम सोनी, रवीना सोनी, अमीचंद सैनी, हनी गुप्ता, धीरज भयाना, हितेंद्र बोहरा, पवन अरोड़ा, सुनील चुघ, देव शर्मा, मीना शर्मा आदि उपस्थित रहे।*

#### यह हुए सम्मानित

अध्यक्ष डॉ. संजय शर्मा और ट्रस्टी देव शर्मा ने बताया कि प्रगति नारी शक्ति सम्मान समारोह में क्षेत्र में विशिष्ठ कार्य करने वाली 21 महिलाओं को सम्मानित किया गया। इनमें प्राचार्य प्रोमिला यादव, प्राचार्या सीमा यादव, शिक्षिका अंजू शर्मा जांगिड़, समाजसेवी सरोज कश्यप, तृप्ति सैनी, मनीषा सोलंकी, राधिका, नीलम शर्मा, प्रो. गीता यादव, उषा यादव, संगीता यादव, कुसुम निर्मल, भारती सैनी, मेघा मित्तल, सीमा यादव प्राचार्या, नंदिनी यादव, कशिश सिंघल, रोहिना शर्मा शामिल है।



### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर बवानिया में हुई महिला पशुपालक गोष्ठी

**महेंद्रगढ़।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय हिसार के विस्तार शिक्षा निदेशालय के मार्गदर्शन में हरियाणा पशु विज्ञान केंद्र रिवासा द्वारा गांव बवानिया में महिला पशुपालक गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम में आसपास के गांवों से 150 से अधिक महिला पशुपालकों ने भाग लिया और वैज्ञानिकों से पशुपालन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त की। कार्यक्रम में मुख्यातिथि ब्लॉक समिति चेयरपर्सन विजय लक्ष्मी उपस्थित रही, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप डॉ. रमेश यादव, सरपंच गांव बवानिया की पूजा यादव तथा एसडीओ कृषि महेंद्रगढ़ डॉ. अजय यादव उपस्थित रहे। इस दौरान विशेषज्ञ के रूप में हरियाणा पशु विज्ञान केंद्र रिवासा के डॉ. राजेंद्र यादव एवं डॉ. अमित सांगवान, डॉ. मनोज कुमार तथा डॉ. नरेंद्र यादव, डॉ. अशोक ढिल्लो ने महिलाओं को पशुपालन, डेयरी और कृषि से संबंधित विभिन्न विषय पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने दूध उत्पादन बढ़ाने के वैज्ञानिक तरीके, पशुओं का स्वास्थ्य प्रबंधन, टीकाकरण एवं रोग नियंत्रण तथा दुग्ध प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन के माध्यम से आय बढ़ाने के उपायों पर उपयोगी जानकारी साझा की।

*विजेताओं को पुरस्कार देकर किया सम्मानितः* कार्यक्रम के दौरान आयोजित डेयरी विषय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में महिलाओं ने भाग लिया तथा विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही समाज में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली सुनीता यादव राष्ट्रीय इनोवेटिव अवॉर्डी एवं अन्य महिलाओं को भी सम्मानित किया गया, जिससे अन्य महिलाओं को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिले। मुख्यातिथि विजय लक्ष्मी खोश्या ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं पशुपालन और डेयरी क्षेत्र की रीढ़ हैं तथा ऐसे कार्यक्रम महिलाओं को नई जानकारी और आत्मविश्वास प्रदान करते हैं।

---

### कांग्रेस को रास नहीं आ रही भारत की विश्व पटल पर बढ़ती लोकप्रियताः पुनिया


रेवाड़ी। सतीश पूनिया का स्वागत करते हुए कार्यकर्ता।

**खोरी।** हरियाणा प्रदेश भाजपा प्रभारी सतीश पूनिया का रविवार को गांव टींट में स्वागत किया गया। भाजपा सचिव दिनेश यादव के प्रतिष्ठान पर भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। जिला अध्यक्ष वंदना पोपली और महामंत्री पंडित हिमांशु पालीवाल ने उनको गुलदस्ता भेंट किया। समाजसेवी मनीष यादव, कमल निब्बल, उपाध्यक्ष जीतू चेयरमैन, खोरी मंडल भाजपा अध्यक्ष सरपंच नरेश यादव नरू, एनिमेट पर्सन जीवनराम गर्ग, जतिन अनेजा, सरपंच अशोक यादव मामडिया आसमपुर, महामंत्री प्रदीप ठेकेदार नारायणपुर, सरपंच हेमंत नंगली गोधा, सचिन हरजीपुर व अजीत यादव ने भाजपा प्रभारी को भगवान श्री कृष्ण की प्रतिमा भेंट की। इस मौके पर सतीश पुनिया ने कहा कि कांग्रेस को विश्व पटल पर भारत की बढ़ती लोकप्रियता रास नहीं आ रही है। कांग्रेसी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विरोध करने के चक्कर में पूरे देश का विरोध कर रहे है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों की गूंज आज दूसरे देशों में हो रही है। वंदना पोपली ने कहा कि दुनिया में भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है, जिसमें कार्यकर्ताओं को पूरा मान सम्मान दिया जाता है। समाजसेवी दिनेश यादव ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# चिकित्सकों को किया सम्मानित

**प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट की ओर से हुआ सम्मान समारोह**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल


नारनौल। चिकित्सकों को सम्मानित करते ट्रस्ट पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट की ओर से राष्ट्रीय दंत चिकित्सक दिवस के अवसर पर मौखिक स्वास्थ्य व स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। ट्रस्टी भीमसेन शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर समाज में दंत स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने व लोगों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने में योगदान देने वाले दंत चिकित्सकों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. संजय शर्मा के नेतृत्व में बालाजी डेंटल अस्पताल के संचालक डॉ. गजराज यादव, चौधरी डेंटल अस्पताल के संचालक डॉ. करण चौधरी व नागरिक अस्पताल के दंत चिकित्सक डॉ. विकास कुमार को अंगवस्त्र व स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। डॉ. संजय शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय दंत चिकित्सक दिवस दंत चिकित्सकों और दंत चिकित्सा से जुड़े पेशेवरों के योगदान को सम्मान देने का दिन है। ट्रस्टी नरोत्तम सोनी ने कहा कि समाज में दंत स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता बढ़ाना बेहद आवश्यक है। शिक्षाविद् डॉ. जितेन्द्र भारद्वाज ने कहा कि जब किसी व्यक्ति के कर्तव्यनिष्ठ कार्यों की समाज द्वारा सराहना की जाती है। रमेश सैनी ने कहा कि ऐसे सम्मान समारोह समाज में सकारात्मक वातावरण बनाने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम में भाजपा नेता रमेश सैनी, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष भीमसेन शर्मा, नरोत्तम सोनी, डॉ. जितेंद्र भारद्वाज, डॉ. संजय शर्मा आदि उपस्थित रहे।



### सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने मे जुटी पुलिस, रोजाना की जा रही पैदल गश्त

**रेवाड़ी।** नागरिकों में सुरक्षा की भावना मजबूत करने और अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस की ओर से रोजाना पैदल गश्त की जा रही है। शनिवार रात्रि सिटी एसएचओ इंस्पेक्टर सूबे सिंह, सदर थाना इंस्पेक्टर राजेन्द्र सिंह, रोहड़ाई थाना इंस्पेक्टर विद्यासागर, कसोला थाना इंस्पेक्टर सतीश कुमार, चौकी इंचार्ज जगन गेट एसआई संदीप कुमार व चौकी इंचार्ज सेक्टर-3 पीएसआई राकेश कुमार ने टीम के साथ अपने-अपने क्षेत्र में पैदल गश्त करके सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने क्षेत्र के मुख्य बाजार, बस स्टैंड व धार्मिक स्थलों सहित अनेक सार्वजनिक स्थानों का निरीक्षण किया। पुलिस ने दुकानदारों, व्यापारियों और युवाओं से संवाद करके उनको सुरक्षा का अहसास कराया और पुलिस व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए सुझाव लिए। उन्होंने क्षेत्र के युवाओं को नशे से दूर रहने और शिक्षा एवं खेल गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा महिलाओं की सुरक्षा को लेकर विशेष जोर दिया।

---

### कुलपति बोले, शैक्षणिक एवं अनुसंधान सहयोग को नई दिशा मिलेगी

# हकेंवि और डीएसवीवी के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर

**शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में परस्पर सहयोग को और अधिक सुदृढ़ करेंगे दोनों संस्थान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़


महेंद्रगढ़। एमओयू हस्तांतरित करते कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग तथा देव संस्कृति विश्वविद्यालय डीएसवीवी हरिद्वार के मनोविज्ञान विभाग के बीच शैक्षणिक सहयोग एवं अनुसंधान को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक समझौता ज्ञापन एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता दोनों विश्वविद्यालयों के बीच मनोविज्ञान के क्षेत्र में शैक्षणिक आदान-प्रदान, संयुक्त अनुसंधान तथा संस्थागत सहयोग को प्रोत्साहित करेगा। इस समझौता ज्ञापन के अवसर पर कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार, डीएसवीवी के समकुलपति डॉ. चिन्मय पांड्या, हकेवि के मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान पीठ की अधिष्ठाता प्रो. पायल कंवर चंदल तथा डीएसवीवी मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. संतोष विश्वकर्मा भी उपस्थित रहे। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने कहा कि यह समझौता दोनों विश्वविद्यालयों के बीच शैक्षणिक एवं अनुसंधान सहयोग को नई दिशा प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि मनोविज्ञान जैसे महत्वपूर्ण विषय में ज्ञान के आदान-प्रदान, संयुक्त शोध परियोजनाओं और अकादमिक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों, शोधार्थियों और संकाय सदस्यों को व्यापक अवसर प्राप्त होंगे। प्रो. कुमार ने विश्वास व्यक्त किया कि इस एमओयू के माध्यम से दोनों संस्थान शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में परस्पर सहयोग को और अधिक सुदृढ़ करेंगे तथा समाजोपयोगी ज्ञान के सृजन में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

#### उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नई संभावनाओं को मिलेगा बल

डीएसवीवी के समकुलपति डॉ. चिन्मय पांड्या ने कहा कि यह समझौता दोनों संस्थानों के बीच संयुक्त शैक्षणिक गतिविधियों, अनुसंधान पहलों तथा ज्ञान के आदान-प्रदान को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे मनोविज्ञान अध्ययन तथा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नई संभावनाओं को बल मिलेगा। इसी क्रम में प्रो. पायल चंदेल ने कहा कि इस समझौते के माध्यम से संयुक्त शोध परियोजनाओं, संगोष्ठियों, कार्यशालाओं तथा विद्यार्थियों-शोधार्थियों के अकादमिक आदान-प्रदान जैसी गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। प्रो. चंदेल ने विश्वास व्यक्त किया कि इस सहयोग से मनोविज्ञान के क्षेत्र में नवीन शोध एवं ज्ञान-विस्तार को गति मिलेगी और विद्यार्थियों तथा शोधार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक अवसर प्राप्त होंगे।

# महर्षि च्यवन मेडिकल कॉलेज और अस्पताल कोरियावास तक लोकल बस चलाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल


नारनौल। मीटिंग को संबोधित करते प्रधान दुलीचंद। फोटो : हरिभूमि

वरिष्ठ नागरिक संगठन की मासिक बैठक किला रोड स्थित कार्यालय साध्वी बहन मिश्री देवी आश्रम में प्रधान दुलीचंद शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में परंपरानुसार इस माह में जन्में जोगेंद्र सिंह चहल, शिवहरि अग्रवाल, सत्यनारायण गुप्ता, गिरधारीलाल दायमा, रामजीलाल मित्तल, पुरूषोत्तम दास और धर्मपाल शर्मा को सम्मान पट्ट पहनाकर सम्मानित किया गया और सभी के स्वस्थ एवं दीर्घायु होने की कामना की गई।

तदोपरांत बैठक में वरिष्ठ नागरिक शिवलाल वर्मा ने बताया कि हुडा सेक्टर/शहर से कोरियावास स्थित महर्षि च्यवन मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल तक आने–जाने के लिए कोई लोकल बस सेवा उपलब्ध नहीं है। इसलिए प्रस्ताव पारित कर जिला प्रशासन से अनुरोध किया गया कि मेडिकल कालेज तक लोकल बस सेवा चलाई जाए, ताकि वृद्धजनों के साथ–साथ आमजन को भी कोई असुविधा न हो। इसके साथ-साथ उन्होंने यह भी बताया कि सरकार द्वारा निजी अस्पतालों में वरिष्ठ नागरिकों को ओपीडी शुल्क व सभी जांच शुल्क पर 40 प्रतिशत की रियायत दी हुई है, किन्तु सभी निजी अस्पताल वरिष्ठ नागरिकों से पूरा शुल्क चार्ज करते हैं। इसलिए प्रस्ताव पारित कर जिला प्रशासन से अनुरोध किया गया है।

#### यह हुए सम्मानित

बैठक में विजय सिंह यादव रहीश, शिवलाल वर्मा, अजीत जैन, बीएल सैनी, रोहतास सिह लाम्बा, सूबेदार दलीप सिंह, शेरसिंह यादव, जसवंत सिंह यादव, सत्यनारायण गुप्ता, बद्री प्रसाद गर्ग, रामजीलाल मित्तल, पुरूषोत्तम दास, एडवोकेट राजकुमार चौधरी, जयप्रकाश कौशिक, उमादत्त शर्मा, दयाराम सैनी, गणेश हरित, बाबूलाल गोयल, सुरेश भारद्वाज, सरदार जोगिन्दर सिंह चहल, गिरधारीलाल दायमा, धर्मचन्द छाबड़ा, धर्मपाल शर्मा, देवीदयाल, ब्रह्मप्रकाश वर्मा, चेतन स्वरूप, ओपीबत्रा, शेरसिंह यादव और अशोक कुमार डोरा आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### रास्ते में भरा जोहड़ का गंदा पानी, ग्रामीण परेशान

**रेवाड़ी।** गांव गंगायचा अहीर के जोहड़ की करीब तीन साल से छंटाई नहीं होने के कारण गंदा पानी रास्ते में जमा हो रहा है, जिससे लोगों को आवगामन में परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने बताया कि इस समय सरसों की कटाई चल रही। 20 से 25 दिन से सरसों खेतों काट कर डाली हुई है, लेकिन रास्ते में गंदा पानी जमा होने से कीचड़ हो गया है, जिसमें से निकलना मुश्किल हो गया है। सुबेदार रमेश कुमार, विकाश दहिया, मनीष, सुमन, बिरेन्द्र सिंह व सोमदत्त सहित अनेक ग्रामीणों ने प्रशासन से समस्या का समाधान करने की मांग की है।

### झाल से दो ग्रामीणों की चार भैंस व दो कटिया चोरी

**कोसली।** झाल गांव में चोर दो ग्रामीणों की चार भैंस व दो कटिया चोरी कर ले गए। गांव निवासी प्रवीन ने नाहड़ पुलिस को दी शिकायत में बताया कि शुक्रवार रात को वे रोजाना की तरह भैंसों को बांधकर अपने मकान में जाकर सो गए। प्रातः 5 बजे प्लाट में गए तो तीन भैस व एक कटिया गायब थी। इसी दौरान पता चला कि पड़ोस में उनके ताऊ के लड़के विक्रम के प्लाट से भी एक भैंस व एक कटिया चोरी हुई है। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध चोरी का मामला दर्ज कर लिया है।

### सांसद ने किसान नेता के निधन पर जताया शोक

**बावल।** बावल क्षेत्र के गांव खेड़ा मुरार में रविवार को सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने कांग्रेसी कार्यकर्ता चरणसिंह के पिता के निधन पर शोक प्रकट किश। किसान नेता जगदीश का हृदय गति रुकने से निधन हो गया था। वे भाकियू चढूनी यूनियन में जिला उपाध्यक्ष के पद पर थे। सांसद दीपेन्द्र किसान नेता को श्रद्धांजलि अर्पित की और परिवार का सांत्वना दी। इस अवसर पर कांग्रेस एससी सेल जिला प्रधान रमेश ठेकेदार, जिला प्रधान सुभाष छावड़ी, पूरन सिंह, नीलम भगवाडिया, साधु सिंह, राजेंद्र एडवोकेट व भगवान सिंह सहित अनेक लोग मौजूद थे।

### महिलाओं ने महिला दिवस पर किया ब्लड डोनेट

**रेवाड़ी।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर रविवार को सिविल अस्पताल के ब्लड बैंक में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर ह्यूमन हेल्प वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से लगाया गया। सिविल सर्जन डा. नरेंद्र दहिया तथा डा. सुरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में डा. संदीप यादव ने शिविर का सुचारू संचालन किया।

## आईएमए की ओर से महिला दिवस पर पिंकाथॉन का आयोजन

# समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महिलाओं की भागीदारी महत्वपूर्ण

### उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी


रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद डीसी अभिषेक मीणा व संबोधित करती डा. नीरज। फोटो : हरिभूमि

अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को जिला प्रशासन और पुलिस विभाग के सहयोग से इंडियन मेडिकल एसोसिएशन व गुरुग्राम के निजी अस्पताल की ओर से बाल भवन में पिंकाथॉन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डीसी अभिषेक मीणा ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया।

वहीं जागरूकता के लिए पिंकाथॉन को रवाना किया। इस अवसर पर डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि समाज के विकास में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसलिए महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के साथ-साथ अपने स्वास्थ्य का भी विशेष ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से बचाव के लिए समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराना बेहद आवश्यक है। डीसी ने स्वास्थ्य विभाग, आईएमए और सामाजिक संस्थाओं से अपील करते हुए कहा कि वे समय-समय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं को कैंसर सहित अन्य बीमारियों के प्रति सचेत करें। उन्होंने कहा कि आज के समय में महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। ऐसे में यह जरूरी है कि वे अपने व्यस्त जीवन के बीच स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महिलाओं की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

#### ये रहे मौजूद

बाल भवन से शुरु हुई तीन किलोमीटर की पिंकाथॉन वॉक में छात्र-छात्राओं, महिलाओं, आईएमए के सदस्यों, विभिन्न सामाजिक संगठनों, महिला पुलिस तथा शहर के नागरिकों ने भाग लिया। वॉकाथॉन गांधी चौक, गुरु चौक, महाराणा प्रताप चौक से होते हुए बाल भवन तक सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में सीएमओ डा. नरेंद्र दहिया, पीएमओ डा. सुरेंद्र सिंह, जिला बाल कल्याण अधिकारी वीरेंद्र यादव, डा. मीनाक्षी यादव, डा. पूजा अनेजा, डा.कृतिका पांडे, डा. अनिल यादव, डा. नरेंद्र यादव, डा. गजेंद्र यादव, डा. अशोक सैनी, डा. आदेश सक्सेना, डा. मित्रा सक्सेना, डा. राम बाबू, डा. दीपक शर्मा, डा. अचल सिंगला, डा. विवेक जैन, डा. राजेश बत्रा, डा. पूनम जैन, डा. किरण यादव, डा. दीपक यादव, डा. कंचन यादव, डा. तरुणा यादव सहित अनेक चिकित्सक और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे कार्यक्रम का आयोजन मुख्य संरक्षक डा. नीलम यादव के मार्गदर्शन में किया गया। मंच संचालन डा. राजीव विग और डा. शिव रतन यादव ने किया। आईएमए की महासचिव डा. पूजा अनेजा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

#### स्वास्थ्य, स्वच्छता व नियमित जांच के महत्व के बारे दी जानकारी

आईएमए की जिला अध्यक्ष डा. नीरज यादव ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहने के लिए प्रेरित करना था। उन्होंने महिलाओं को स्वास्थ्य, स्वच्छता और नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व के बारे में भी जानकारी दी तथा उन्हें स्वस्थ और जागरूक समाज के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। सिटी एचएसओ इंस्पेक्टर सूबे सिंह ने महिलाओं और बेटियों को सोशल मीडिया के संभावित खतरों से सतर्क रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में समाज सेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल, प्रशासन और पत्रकारिता सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया।

## खबर संक्षेप

### बड़ा तालाब में गिरकर युवक घायल पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया



**रेवाड़ी।** रविवार दोपहर हनुमान मंदिर के पास बड़ा तालाब में गिरकर एक युवक घायल हो गया। गनीमत यह रही कि युवक पानी से दूर पैड़ियों पर ही अटक गया। अगर पानी तक गिरता, तो उसकी जान पर बन आती। फर्श पर गिरने के कारण उसके पैरों में चोटें आई हैं। अहीर मोहल्ला निवासी लगभग 28 वर्षीय आशु उर्फ वाशु बड़ा तालाब में गिर गया। आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी कि एक युवक तालाब में कूद गया है। इसके बाद सिटी पुलिस तुरंत मौके पर पहुंच गई। युवक पानी से कुछ दूरी पर ही तालाब की पैड़ियों में पड़ा हुआ था। उसके पैरों में चोटें आई हैं। एएसआई विनोद कुमार ने उसे तालाब से उठाकर अस्पताल पहुंचाया। विनोद कुमार ने बताया कि घटना के समय युवक नशे की हालत में था। उसने बाद में पुलिस को बताया कि तालाब के पास से गुजरते समय वह पैर फिसलने के कारण गिर गया। अस्पताल में उपचाराधीन युवक की हालत खतरे से बाहर बताई गई है।


रेवाड़ी। लोगों को जागरूक करते हुए पुलिस टीम।

### नशे जैसी बुरी आदतों से दूर रहकर पढ़ाई व खेल में ध्यान लगाएं युवाः रामपाल

**रेवाड़ी।** जिला पुलिस की ओर से नशा मुक्ति और समाजिक जागरूकता की दिशा में निरंतर प्रयास जारी हैं। पुलिस टीम ने रविवार को बावल के वार्ड नंबर 10 में आमजन को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। इस अवसर पर निरीक्षक रामपाल ने कहा कि नशा व्यक्ति के शरीर, परिवार और समाज तीनों का सबसे बड़ा शत्रु है। यह न केवल स्वास्थ्य को बर्बाद करता है, बल्कि युवाओं का भविष्य भी अंधकारमय कर देता है। युवा देश का भविष्य है, जिनको पढ़ाई, खेल और अपने सपनों में ध्यान लगाकर नशे जैसी बुरी आदतों से हमेशा दूर रहना चाहिए। पुलिस टीम ने लोगों को साइबर अपराध से सतर्क रहने की भी सलाह दी। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधी नए-नए तरीके अपनाकर लोगों को ठगी का शिकार बना रहे है। ऐसे में सभी को सतर्क रहना चाहिए और किसी भी अनजान व्यक्ति से अपनी निजी जानकारी साझा नहीं करनी चाहिए। साइबर ठगी होने पर साइबर राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें।

### यादव सभा के निःशुल्क चिकित्सा कैंप में 135 लोगों ने करवाई जांच



**रेवाड़ी।** यादव कल्याण सभा की ओर से रविवार को गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में फ्री चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। कैंप में 135 मरीजों को ओपीडी सेवाएं व फ्री दवाईयां प्रदान की गई। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने मेडिसन, हड्डी रोग, सर्जरी, नेत्र रोग, चर्म रोग व स्त्री रोग में ओपीडी सेवाएं प्रदान की। शिविर के आयोजन में सभा प्रधान रामबीर यादव, जसवंत सिंह, शशि भूषण, अमर सिंह, गोकल राम, प्रो. सतीश यादव व अशोक ने भरपूर सहयोग दिया।



### एनएसएस स्वयंसेवकों ने कॉलेज में चलाया सफाई अभियान

**रेवाड़ी।** श्री कृष्णा राजकीय महाविद्यालय कंवाली में चल रहे एनएसएस के सात दिवसीय शिविर के चौथे दिन स्वयंसेवकों की ओर से महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। इस अवसर पर एनएसएस स्वयंसेवकों ने कॉलेज परिसर तथा आसपास के क्षेत्र की साफ-सफाई कर स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। प्राचार्य डा. कर्मवीर यादव के मार्गदर्शन में शिविर का संचालन एनएसएस यूनिट-1 के कार्यक्रम अधिकारी राजेश कुमार तथा यूनिट-2 की कार्यक्रम अधिकारी डा. निशा कर रही है। स्वच्छता अभियान के दौरान स्वयंसेवकों ने कचरा एकत्रित किया और पर्यावरण को स्वच्छ च स्वस्थ बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम अधिकारियों ने कहा कि स्वच्छ वातावरण स्वस्थ जीवन का आधार है तथा युवाओं की इसमें महत्वपूर्ण भूमिका होती है।


रेवाड़ी। कार्यक्रम में अतिथियों का सम्मान करते आयोजक।

### अपनी सोच में परिवर्तन लाकर दुनिया को बना सकते स्वर्ग जैसा सुंदरः वर्षा

**रेवाड़ी।** हमारा परिवार संस्था की ओर से रविवार को पंजाबी धर्मशाला में जीवन में सकारात्मकता लाने वाला कार्यक्रम आओ धरती को स्वर्ग जैसा सुंदर बनाए का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि शिक्षाविद् वर्षा कांटीवाल, पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा अजय कांटीवाल, युवा भाजपा नेता नवीन रोहिल्ला व संस्था के संयोजक दिनेश कपूर ने कहा कि हम अपनी सोच में परिवर्तन लाकर इसी दुनिया को स्वर्ग जैसा सुंदर बना सकते है। इसमें सबसे महत्वपूर्ण हैं कि आपकी सृष्टि की प्रत्येक वस्तु के लिए प्रभु का धन्यवाद देने की कला। क्योंकि प्रतिदिन लगभग पचास हजार व्यक्ति दुनिया से चले जाते हैं। प्रातः काल की नई धूप, सुबह की ताजी ठंडी हवा जीवन में नई ऊर्जा का संचार करती हैं। इस मौके पर महिला प्रधान निशा सीकरी, शिक्षाविद् नीरू खुराना, डा. नीरू वर्मा, पर्यावरण सेवी प्रीती कपूर, शशि जुनेजा, समाजसेवी अशोक जुनेजा, डा. देवेन्द्र कुमार, हिमांशु, कैप्टन रूपचन्द यादव, कपिल कपूर, ओजस्वी, पूर्वांशी, सोनिया कपूर व सुदर्शन मेहदीरत्ता सहित अनेक गणमान्य मौजूद थे।

## ट्यूबवेल पर लगी आग से किसानों में मचा हड़कंप, फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी



रविवार दोपहर बाद कालड़ावास के ट्यूबवेल पर शार्ट सर्किट से आग लग गई। फसल तक आग फैलने की आशंका से किसानों में हड़कंप मच गया। फायर ब्रिगेड ने मौके पर जाकर आग पर काबू पाया, जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। कालड़ावास निवासी रोहतास के खेत में ट्यूबवेल पर कोठरी बनी हुई है। कोठरी के पास ही फसल भी खड़ी हुई है। दोपहर बाद अचानक उसकी कोठरी के पास धुआं उठने लगा। आसपास के लोगों ने पुलिस और फायर ब्रिगेड को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंच गई। फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। किसान के बिजली के तार व अन्य सामान आग की भेंट चढ़ गया। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। कोठरी के बाहर भी कूड़े व फसल अवशेष तक आग पहुंच गई थी, जो खेतों तक फैल सकती थी।

#### किसानों के पसीने छूटे

आग लगने के बाद आसपास के खेतों में किसानों के पसीने छूट गए। उन्हें इस बात की आशंका रही कि आग विकराल रूप धारण करती है, तो फसल तक पहुंच जाएगी। गेहूं की फसल तक आग फैलने से बड़ा नुकसान हो सकता था, परंतु फायर ब्रिगेड ने तुरंत आग पर काबू पा लिया। इसके बाद किसानों ने राहत की सांस ली।

### राष्ट्रीय लोक अदालत के अवसर का लाभ अवश्य उठाएं नागरिकः सीजेएम



**रेवाड़ी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम अमित वर्मा ने बताया कि जिला न्यायिक परिसर में 14 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा, जिसमें दोनों पक्षों की सहमति से मामलों का निपटारा कराया जाएगा। सीजेएम वर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य लंबित मामलों का आपसी समझौते के माध्यम से त्वरित निपटारा कराना है। लोक अदालत में ट्रैफिक चालान, बैंक रिकवरी, मोटर वाहन दुर्घटना अधिनियम, पारिवारिक विवाद, दीवानी एवं फौजदारी मामले, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण, बिजली-पानी के बिलों तथा राजस्व के मामलों का निपटारा किया जाएगा। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे 14 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के अवसर का लाभ उठाएं। कोर्ट में अपने लंबित मामलों को आपसी सहमति से हल करा लेने में ही फायदा है, क्योंकि कोर्ट में कोई भी केस चलता है तो लोगों को उसके लिए बार-बार चक्कर लगाने पड़ते हैं और धन व समय भी खर्च होता है। लोक अदालत में विवाद को सुलझा ले तो यह वहीं समाप्त हो जाता है।

## बच्चियों-महिलाओं पर बढ़ते जुल्म व शोषण के खिलाफ आंदोलन की जरूरतः सुमन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर रविवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस पार्क में महिला सांस्कृतिक संगठन एवं स्कीम वर्कर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में सभा का आयोजन किया गया। सभा का संचालन महिला सांस्कृतिक संगठन की जिला सचिव संतोष ने किया। वक्ता के रूप में सुमन कुमारी, आभा सिंह, सुमन देवी, कृष्णा देवी, आंगनबाड़ी नेत्री तारा देवी, कुसुमलता एडवोकेट, बीरमति, कृष्णा देवी सरपंच व निर्मला देवी ने अपने विचार व्यक्त किए। महिलाओं पर बढ़ती आपराधिक घटनाओं पर कारगर रोक लगाई जाए। इस मौके पर एआईयूटीयूसी के जिला सचिव शेर सिंह मीरपुर, कैलाश चंद, अनिल, बीरेंद्र सिंह, मूलचंद आर्य, बलराम, रामकुमार निमोठ, आर एस संभरिया, डा. लेखराम , रामेश्वर दयाल, नरेश व अजय सिंह सहित अनेक नागरिक मौजूद थे।


रेवाड़ी। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

### महिला दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन जागरूक उपभोक्ता बनने का आह्वान

**रेवाड़ी।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत, जिला इकाई की ओर से पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में महिला जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एडवोकेट सुनीता, एडवोकेट दिव्या राजपाल, एडवोकेट सुषमा शर्मा और एडवोकेट सरला विजय शर्मा ने सभी अतिथियों व महिलाओं का स्वागत किया। संगोष्ठी में महिलाओं को उपभोक्ता अधिकारों, विज्ञापनों में महिलाओं की भूमिका तथा दैनिक जीवन में होने वाली ठगी से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक किया गया। इस मौके पर सीए निधि गौतम ने महिलाओं को वित्तीय मामलों में जागरूक रहने की सलाह दी। महिला थाना इंचार्ज सरिता ने महिलाओं को दैनिक जीवन में आने वाली समस्याओं और उनके समाधान के बारे में जानकारी दी। उन्होंने डायल 112 और 1930 साइबर फ्रॉड हेल्पलाइन के बारे में बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डा. आरबी यादव ने विज्ञापनों में महिलाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला और महिलाओं को जागरूक उपभोक्ता बनने के लिए प्रेरित किया। राष्ट्रीय स्वयंसेविका समिति से प्रतिभा, प्रीति और कुसुम ने सामाजिक पंच परिवर्तनों पर विचार व्यक्त किए। डा. निर्मल ने महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर सीमा राज, पूनम भारद्वाज, चक्षु, विनीता, उषा रस्तोगी, नेहा शर्मा, अभिलाषा रानी, अनूप, प्रियंका, पूजा, ममता, मोनिका, सरिता, गीता, मंजू, अनीता, सोनिया, डा. मीनाक्षी, उपासना गुप्ता, डा. कविता, भगवती, व एडवोकेट रितु ओबेरॉय सहित अनेक महिलाएं उपस्थित थी। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत जिला इकाई के जिला अध्यक्ष विपिन धींगरा, जिला संगठन मंत्री कृष्ण कुमार, जिला सचिव धीरज शर्मा, जिला उपाध्यक्ष अरुण गुप्ता तथा अनिल ने कार्यक्रम में सहयोग किया।

**खेल**

## महिलाओं की दौड़ प्रतियोगिताएं आयोजित

# रस्साकस्सी में जेएनवी नैचाना की टीम विजेता

### महिला दिवस पर अस्मिता लीग में छाईं बेटियां

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी


रेवाड़ी। प्रतियोगिता की विजेताओं को पुरस्कृत करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

मेरा युवा भारत एवं भारतीय खेल प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अस्मिता लीग के तहत सवाईमान स्पोर्ट्स अकादमी टांकडी में महिलाओं की दौड़ प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। मुख्य अतिथि जिला खेल अधिकारी ममता यादव थी, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता मेरा युवा भारत के जिला युवा अधिकारी सुमित यादव ने की। जिला युवा अधिकारी सुमित यादव ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य लीग और प्रतियोगिताओं के माध्यम से महिलाओं में खेलों को बढ़ावा देना है साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच के अनुरूप गांवों और छोटे कस्बों की लड़कियों को खेल करियर के रूप में अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। अस्मिता लीग के तहत अंडर 13, 13 से 18 एवं 18 से अधिक आयु वर्ग की 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर दौड़ सहित रस्सा कस्सी व नींबू चम्मच दौड़ प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिसमे 13 वर्ष से कम आयु वर्ग की 100 मीटर दौड़ में अनीता प्रथम, दीक्षा द्वितीय एवं प्रेरणा तृतीय रहीं। 200 मीटर दौड़ में अनीता प्रथम, दीक्षा द्वितीय व प्रतिज्ञा तृतीय रहीं तथा 400 मीटर दौड़ में मुस्कान प्रथम, प्रेरणा द्वितीय व अनीता तृतीय रहीं। 13 से 18 आयु वर्ग की 100 मीटर दौड़ में गुंजन प्रथम, पलक द्वितीय व खुशी तृतीय रहीं, 200 मीटर दौड़ में प्रिया प्रथम, साधना द्वितीय व सोनू तृतीय रहीं तथा 400 मीटर दौड़ में गुंजन प्रथम, मानसी द्वितीय व माही तृतीय रहीं। इसके अलावा 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की 100 मीटर दौड़ में शिवांगी प्रथम, नेहा द्वितीय व अन्नू तृतीय स्थान पर रहीं, 200 मीटर दौड़ में शिवांगी प्रथम, दीपिका द्वितीय व अन्नू तृतीय स्थान पर रहीं।, जबकि 400 मीटर दौड़ में शिवांगी प्रथम, अन्नू द्वितीय व दीपिका तृतीय स्थान प्राप्त किया।

#### भूमिका निभाई

खेल विभाग से प्रशिक्षक शर्मिला यादव, अनिल कुमार, शमशेर सिंह, रेनू, आशा रानी एवं कुमारी ईशा ने निर्णायक मंडल के रूप में भूमिका निभाई।

#### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में खेलो इंडिया सेंटर, सवाईमान स्पोर्ट्स एकेडमी के संचालक सेवानिवृत्त सूबेदार मेजर कृष्ण सिंह चौहान, यतिन चारण, मेरा युवा भारत से विनय राव, सुजाता, कुलदीप व सुशील उपस्थित थे।

#### विजेताओं को सर्टिफिकेट, मेडल व मोमेंटो प्रदान किए

प्रतियोगिता में 18 वर्ष से नीचे आयु वर्ग की नींबू-चम्मच दौड़ में रोशनी प्रथम, इशिका द्वितीय व परी तृतीय तथा 18 वर्ष से ऊपर आयु वर्ग की नींबू-चम्मच दौड़ में अन्नू ने प्रथम, ज्योति ने द्वितीय व रेनू कुमारी तृतीय स्थान प्राप्त किया। रस्सा-कस्सी प्रतियोगिता में पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय नैचाना की टीम प्रथम तथा यूएसए स्पोर्ट्स अकेडमी की टीम द्वितीय स्थान हासिल किया। विजेता प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट, मेडल, टीशर्ट एवं मोमेंटो प्रदान किए गए।

### सीहा स्कूल में महिला प्रकोष्ठ की सदस्याओं का हुआ सम्मान



**रेवाड़ी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीहा में महिला दिवस पर आयोजित विचार गोष्ठी में विद्यालय के महिला प्रकोष्ठ की सदस्यों को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य एवं साहित्यकार सत्यवीर नाहड़िया ने की तथा सेवानिवृत्त प्राध्यापक व लेखक यशपाल आर्य मुख्य वक्ता थे। प्राचार्य नाहड़िया ने कहा कि भारतीय संस्कृति में मातृशक्ति का सम्मान आवश्यक ही नहीं, अपितु अनिवार्य है। घर-परिवार तथा समाज में महिलाओं के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता तथा अब वे जीवन के हर क्षेत्र में नए आयाम रचते हुए अपनी विशिष्ट उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। इस अवसर पर स्टाफ सदस्यों ने विज्ञान अध्यापिका रेखा कुमारी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं, वहीं विद्यालय के महिला प्रकोष्ठ से अलका, सीमा,अनिता, प्रियंका, सुमित्रा, रेखा रानी, सुशीला,सीमा, सोनू, लक्ष्मी, प्रियंका,मंजू व अनुराधा को सम्मानित किया गया।

### नारी मां, बहन व पत्नी के रूप में परिवार और समाज की आधारशिलाः निर्मला



**कोसली।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के कोसली सेवा केंद्र में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला पार्षद शारदा यादव, सरिता शेखावत व चंचल यादव रही। मुख्य अतिथि व कोसली सेवा केंद्र की संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी निर्मला ने सभी को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने महिलाओं को आदर्श और कर्मठ बनने की प्रेरणा देते हुए कहा कि राजयोग के माध्यम से नारी संस्कारी और सतयुगी मूल्यों को अपनाकर एक श्रेष्ठ राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। नारी मां, बहन और पत्नी के रूप में परिवार और समाज की आधारशिला होती है। इस अवसर पर सूबेदार सुरेंद्र, ईश्वर सिंह, सतपाल यादव, राजेंद्र व विजयसहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।